हिंदी दैनिक खबर
# केशववाणी
हर पल, हमारी खबर

अनमोल वचन

*जीवन में कभी भी संघर्ष से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई भी सफलता संभव नहीं है।*



## 97.84 लाख पेंशनधारियों के खातों में ₹1,423.94 करोड़ की राशि हस्तांतरित, हर माह 10 तारीख को मनाया जाएगा बिहार पेंशन दिवस



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार से राज्य के 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से 1,423.94 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि अब प्रत्येक माह की 10 तारीख बिहार पेंशन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर महीने की 10 तारीख को सभी पात्र सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि भेजी जाएगी, जिससे लाभार्थियों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पात्र व्यक्ति सामा. जिक सुरक्षा पेंशन से वंचित न रहे। इसके लिए विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए सभी पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित, वरिष्ठ नागरिकों, विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना तथा उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार लगातार ऐसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक संबल और सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

## चोरसुआ पहुंचे मंत्री दीपक प्रकाश, पंचायत सरकार भवन देखकर बोले- ऐसा मॉडल पूरे बिहार में बने

### मुखिया ने रखीं पुल, सड़क और कन्या विवाह मंडप की मांग, मंत्री ने अधिकारियों को दिए तत्काल निर्देश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अपने दो दिवसीय नालंदा दौरे के दौरान शुक्रवार को गिरियक प्रखंड की चोरसुआ पंचायत का दौरा किया। यहां पहुंचने पर स्थानीय मुखिया चंदन कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पंचायत सरकार भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा संच. ालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने और गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। मंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा आम लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानक. ारी पहुंचाने के लिए प्रखंड स्तर पर सहयोग शिविर और पंचायत दिवस का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री दीपक प्रकाश ने चोरसुआ पंचायत सरकार भवन के सौंदर्यीकरण एवं परिसर की बेहतर व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया चंदन कुमार ने पंचायत सरकार भवन के समीप नदी पर पुलिया निर्माण, कृषि क्षेत्र तक पक्की सड़क, त्रिवेणी धाम के सौंदर्यीकरण, कन्या विवाह मंडप के निर्माण तथा पंचायत के समग्र विकास के लिए विशेष पैकेज की मांग मंत्री के समक्ष रखी। मंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके बाद मंत्री सड़क मार्ग से नवादा के लिए रवाना हो गए। उल्लेखनीय है कि अपने दो दिवसीय नालंदा दौरे के दौरान उन्होंने जिले की विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर विकास कार्यों की समीक्षा की तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और पंचायतों की प्रगति की जानकारी ली।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रधान मह. ासचिव हिमांशु पटेल, जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार, महिला प्रकोष्ठ की प्रतिभा रानी कुशवाहा, सचिन कुमार, गिरियक के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रंजीत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव कुमार (बिहारी), मनोज कुमार (सीबीआई), राजीव कुमार (बीरू जी), अरविंद कुमार (पंचायत अध्यक्ष, जदयू), मनोज प्रभाकर, डॉ. राकेश कुमार (सरपंच), डॉ. संजीव कुमार (उपमुखिया), प्रमोद कुमार (पूर्व उपमुखिया), संजीव कुमार (वार्ड सदस्य), सतेंद्र कुशवाहा, सौरभ प्रकाश एवं संजीत कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार (शिक्षक) ने किया। अंत में मुखिया चंदन कुमार ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों, पंचायतवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




## पंचायत सरकार भवन बनेंगे मिनी सचिवालय, हर पंचायत में मिलेगी सरकारी सुविधाएं : मंत्री दीपक प्रकाश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शुक्रबार को बिहारशरीफ सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार प्रत्येक पंचायत सरकार भवन को श्मिनी सचिवालयश के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को अधिकतम सरकारी सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें प्रखंड या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। मंत्री ने बताया कि नालंदा जिले की 227 पंचायतों में से 134 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है और वे संचालित हैं, जबकि 87 भवनों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। पंचायत सरकार भवनों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक 51 पंचायतों में पोस्ट ऑफिस की सुविधा शुरू की जा चुकी है, जबकि जल्द ही आधार केंद्र भी शुरू किए जाएंगे। इसके लिए कार्यपालक सहायकों को प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवनों तक पहुंचने वाली एप्रोच रोड से जुड़ी कुछ समस्याएं सामने आई हैं। ऐसे स्थानों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कराई जाएगी। मंत्री ने बताया कि जिले में 32,900 सोलर स्ट्रीट लाइटों के लक्ष्य के विरुद्ध 32,710 लाइटें लगाई जा चुकी हैं। शेष कार्य इसी माह पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा 24 पंचायतों में कन्या विवाह मंडप के निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जबकि 115 स्थलों को मोक्ष धाम के रूप में विकसित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित श्सहयोग शिविरश के माध्यम से प्राप्त 753 आवेदनों में से 711 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जो सरकार की त्वरित एवं जनहितकारी कार्यशैली को दर्शाता है।आगामी पंचायत चुनाव को लेकर मंत्री ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बार छह पदों के चुनाव के लिए मल्टी–पोस्ट ईवीएम का उपयोग किया जाएगा, जिससे चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम होगी। उन्होंने यह भी बताया कि 10 वर्ष बाद आरक्षण रोस्टर में बदलाव किया जाएगा। 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ आम जनता पर नहीं डाला जाएगा तथा बिहार के हितों को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखा गया है। उन्होंने पंचायतों को मिलने वाली केंद्रीय सहायता राशि में वृद्धि का भी उल्लेख किया। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री दीपक प्रकाश ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की जीत का दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों के आधार पर जनता एक बार फिर एनडीए के पक्ष में मतदान करेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी, नालंदा में 19 केंद्रों पर होगी परीक्षा



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) पद पर नियुक्ति के लिए 12 जुलाई 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय में संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त रंजन कुमार चौधरी ने की। बैठक में केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आयोग के सभी दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा परीक्षा पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ जिला मुख्यालय में 19 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 13,176 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर, दो–दो स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिक. ारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा 38 स्टैटिक दंडाधिकारी, 9 गश्ती दल दंडाधिकारी तथा 4 वरीय पदाधिकारियों को उड़नदस्ता दल दंडा. धिकारी के रूप में तैनात किया गया है। सभी उड़नदस्ता दल परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण कर परीक्षा की निगरानी करेंगे। अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। संघन फ्रिस्किंग के बाद अभ्यर्थियों को सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 10:30 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसका टोल–फ्री नंबर 18003456323 निर्धारित किया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) को नियंत्रण कक्ष का वरीय प्रभारी बनाया गया है तथा वहां सुरक्षित दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। स्टैटिक मजिस्ट्रेट–सह–प्रेक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को सुबह 8:00 बजे तक अपने–अपने परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों को 9 जोन में विभ. ाजित कर प्रत्येक जोन में जोनल मजिस्ट्रेट (गश्ती दल दंडाधिकारी) की तैनाती की गई है।संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। परीक्षा के दिन बिहारशरीफ शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए अलग से दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में विशेष कार्य पदा. धिकारी (गोपनीय शाखा), सभी केंद्राधीक्षक, दंडाधिक. ारी, पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन रास्ते में जमा रहता है कीचड़, परेशानी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** पर्यटक नगरी के रेलवे स्टेशन रोड में हल्की सी बारिश के बाद कीचड़ व पानी जमा हो जाता है। इस कारण ट्रेन पकड़ने आने वाले पैदल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पंचवटी नगर मोड़ के पास हल्की से बारिश के बाद पानी जमा हो जाता है। इस कारण वहां से सुबह–सुबह पैदल जाने वाले यात्रियों को इसी कीचड़ से होकर जाना पड़ता है। लोगों ने बताया कि पिछले कई सालों से रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। काफी धीमी गति से काम हो रहा है। इस कारण अब तक सड़क बनाने का काम भी पूरा नहीं हो सका है। स्टेशन परिसर के आगे भवन निर्माण के लिए सालों से अधर में योजना लटकी है। यह अंतरराष्ट्रीय पर्यटक नगरी है। इसके बाद भी इस तरह योजना में धीमा काम होना काफी चिंता का विषय है। पिछले माह ही एक माह तक चलने वाला मलमास मेला लगा था। उस दौरान कई जनप्रतिनिधि आये और रेल का उद्घाटन भी किया। भवन निर्माण में हो रही विलम्ब पर किन्हीं का ध्यान नहीं गया। लोगों को पूरे माह परेशानी हुई। इसके बाद भी किसी का इस ओर ध्यान नहीं है। लोगों ने कहा कि इसके लिए रेल विभाग के वरीय अधिकारियों को चाहिए कि काम में तेजी आये और जल्द से जल्द यहां का निर्माण पूरा हो। वहीं सड़क को ठीक किया जाय।

# थाना से महज 300 मीटर दूर घर में चल रहा था शराब का कारोबार, 26.625 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद कतरीसराय थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित जवाहर चक टोला में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छा. पेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की और एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जवाहर चक टोला निवासी दशरथ यादव के घर में अवैध रूप से शराब का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने उनके घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान एक कमरे से 500 एमएल क्षमता की 48 कैन बीयर तथा 375 एमएल की सात बोतल रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की बरामद की गई। इस प्रकार कुल 55 बोतलों में 26.625 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कथित शराब धंधेबाज दशरथ यादव (पिता– रमन यादव), निवासी जवाहर चक टोला, थाना कतरीसराय, को मौके से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कतरीसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय भेजा जा रहा है।इधर, स्थानीय लोगों के बीच इस बात की चर्चा रही कि थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर शराब का अवैध कारोबार संचालित होना कई सवाल खड़े करता है। हालांकि पुलिस का कहना है कि गुप्त सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अंकुश ने जेएनवी में पाया प्रवेश, स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित
## सफलता से दूसरे बच्चों का भी बढ़ता है उत्साह : ममता कुमारी




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बड़ी मिल्की मोहल्ले में स्थित राष्ट्रीय जैन संत कमल मुनि कमलेश विद्यालय राजगीर के छात्र अंकुश कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता पाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। उसकी सफलता से उसका पूरा परिवार व स्कूल परिवार काफी खुश हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा अंकुश को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक ममता कुमारी ने कहा कि इस तरह से बच्चे जब सफलता पाते हैं तो अन्य बच्चों को भी काफी प्रेरणा मिलती है। वे भी उत्साह पूर्वक तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा कि कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हम सबों का कर्त्तव्य बनता है। शिक्षा से बढ़कर कोई दौलत नहीं होती है। सबों को अपने संतान को पढ़ाना चाहिए। इससे ही एक बेहतर समाज की स्थापना हो सकेगी। स्कूल में जेएनवी सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। इस मौके पर संगीता देवी, निरज कुमार, पिंकी कुमारी, अभिषेक कुमार, सरिता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

# नवपदस्थापित डीईओ हेमचंद्र का शिक्षक संघ ने किया भव्य स्वागत



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** बिहार पंचायत–नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ, नालंदा के जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह कांत के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचकर नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) हेमचंद्र का बुके एवं फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के जिला प्रभारी रीतेश कुमार ने कहा कि हेमचंद्र इससे पहले नालंदा में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने पूर्व कार्यकाल में उन्होंने ईम. ानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं शिक्षकों के प्रति सौहार्दपूर्ण व्यवहार से एक अलग पहचान बनाई थी। उनके पुनः नालंदा आने से जिले के शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह श्कांतश ने कहा कि शिक्षकों को उम्मीद है कि नए डीईओ जिले के शिक्षकों की लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करेंगे तथा शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएंगे। अपने संबोधन में डीईओ हेमचंद्र ने शिक्षकों से पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा विभागीय आदेशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बिना किसी संकोच के उनसे संपर्क करें। सभी समस्याओं का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। स्वागत समारोह में महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शशिप्रभा सिन्हा, जिला कार्यालय सचिव के.के. ब्रह्मचारी, जिला संयोजक अमित कुमार, उपसंयोजक अमित कुमार, बिहारशरीफ प्रखंड सचिव मनोज कुमार, नूरसराय प्रखंड अध्यक्ष शंभु कुमार, चंडी प्रखंड अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, बिहारशरीफ प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# चौरिया पंचायत सरकार भवन में अधिकांश कार्यालयों पर लटका रहता है ताला, ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का लगाना पड़ रहा चक्कर




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र की चौरिया पंचायत में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्देश्य ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराना था। लेकिन वर्तमान में स्थिति ऐसी है कि भवन के अधिकांश कार्यालयों में ताला लटका रहने से ग्रामीणों को छोटे–छोटे कार्यों के लिए भी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। शुक्रवार की दोपहर विभिन्न कार्यों से पंचायत सरकार भवन पहुंचे ग्रामीणों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन संबंधित कर्मी नहीं पहुंचे। निराश होकर लोगों को बिना काम कराए ही वापस अपने घर लौटना पड़ा। ग्रामीण पप्पू कुमार, मुकेश कुमार, छोटे कुमार, पवन कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से बने पंचायत सरकार भवन का उद्देश्य जाति, आय, निवास, पेंशन, मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य सरकारी सेवाएं पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराना था। लेकिन अधिकांश दिनों में कार्यालय बंद रहते हैं और विभिन्न कमरों में ताला लटका रहता है। उनका आरोप है कि केवल मुख्य गेट खोल दिया जाता है, जबकि संबंधित कार्यालयों में कर्मचारी नियमित रूप से नहीं पहुंचते। इससे पंचायत सरकार भवन का उद्देश्य अधूरा रह गया है और ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि हरनौत प्रखंड में कुल 16 पंचायतें हैं, जबकि वर्तमान में केवल 7 पंचायत सचिव कार्यरत हैं। प्रत्येक पंचायत सचिव को तीन–तीन पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी कारण सभी पंचायत सरकार भवनों में प्रतिदिन उनकी उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव रोस्टर के अनुसार पंचायतों में जाते हैं तथा कई बार विभागीय कार्यों के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है, जिससे यह स्थिति उत्पन्न होती है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पंचायत सरकार भवन में नियमित रूप से कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने और पंचायत स्तर पर सभी आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि लोगों को छोटे–छोटे कार्यों के लिए बार–बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।

# नालंदा जिले के 7 थाना प्रभारियों का तबादला, चेरो ओपी प्रभारी रौशन कुमार बने परवलपुर के नए थानाध्यक्ष, सर्वेश कुमार को मिली चेरो की कमान



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** नालंदा जिले की कानून–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं चुस्त दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से नालंदा पुलिस प्रशासन ने बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। जारी आदेश के तहत जिले के विभिन्न थानों एवं इकाइयों में कार्यरत सात पुलिस पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रशासनिक फेरबदल के तहत हरनौत प्रखंड के चेरो ओपी थानाध्यक्ष रौशन कुमार को परवलपुर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं परवलपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष संजीव कुमार का तबादला लहेरी थाना कर दिया गया है। लहेरी थाना में पदस्थापित सर्वेश कुमार को अब चेरो ओपी का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार को राजगीर थाना की कमान सौंपी गई है, जबकि हिलसा अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रभानु को हिलसा थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा साइबर थाना में तैनात जितेंद्र राम को प्रभारी स्पीड ट्रायल, बिहारशरीफ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस प्रशासनिक फेरबदल से जिले में पुलिसिंग व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा अपराध नियंत्रण एवं विधि–व्यवस्था बनाए रखने में तेजी आएगी। वही चेरो पंचायत के स्थानीय बुद्धिजीवियों, व्यवसायो ,समाजसेवियों एवं प्रतिनिधियों ने बताया कि चेरो ओपी थाना अध्यक्ष रौशन कुमार थाना में लगभग 3 महीने तक अपना योगदान दिए जो काफी सराहनीय रहा।




# बिजली की चपेट में आने से मृत व्यक्ति के आश्रितों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपए का दिया गया चेक



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत एक मृत व्यक्ति के आश्रितों को ₹20000 का चेक दिया गया है। प्रखंड अनाजिर अनिल कुमार ने बताया कि हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सोराडीह गांव में 18 जून 2026 को बिजली की चपेट में आने से सोराडीह गांव निवासी स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद के 51 वर्षीय पुत्र नागेंद्र प्रसाद का घटना स्थल पर मौत हो गया था। उन्होंने बताया कि मृतक के पत्नी विभा कुमारी को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत प्रखंड कार्यालय में बुलाकर उन्हें ₹20000 का चेक प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक नरेंद्र प्रसाद गांव बाहर खंधा में मोरी का खेत देखने के लिए जा रहे थे उसी दरमियान 11 केवी के करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गया था।

# हरनौत में बारिश से भूजल स्तर सुधरा, बिहारशरीफ प्रमंडल के 11 प्रखंडों में 2900 से अधिक हैंडपंपों की मरम्मत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** आमतौर पर गर्मी के मौसम में भूजल स्तर गिर जाता है, लेकिन मानसून के दौरान नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश से भूजल स्तर में सुधार हुआ है।लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) से मिली जानक. ारी के अनुसार,जुन–जुलाई महीने में इस साल भूजल स्तर में उतना ज्यादा गिरावट नहीं हुआ है।पीएचईडी के कनिय अभियंता(जेई) सुप्रिया कुमारी ने कहा कि इस साल पानी समय समय पर होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर बहुत तेजी से नीचे नहीं गया।जुलाई माह में रूक–रूक बारिश हो जाने के कारण भूजल स्तर मेंटेन है।जेई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सामान्य भूजल 25 से 30 फुट होना चाहिए। वर्तमान में भूजल का स्तर 32 फुट है।हालांकि कुछ–कुछ स्थानों पर चापाकल से पानी आना कम हो गया था।कुएं में पानी का लेवल नीचे चला गया है।नलजल योजना चालू रहने के कारण लोगो को कम परेशानी का सामना करना पड़ा।विभाग की ओर से साधारण चापाकल व आइएम टू व थ्री मरम्मत का काम समय से शुरू हो जाने के कारण पानी की समस्या नहीं हुई है। जेई ने बताया कि बिहारशरीफ पीएचईडी प्रमंडल अंतर्गत हरनौत सहित कुल 11 प्रखंड है। जिसमें पीएचईडी विभाग एवं जिला परिषद सदस्य द्वारा दिए गए तकरिबन 29 सौ से ज्यादा चापाकल(आइएम टू व थ्री चापाकल सहित ) को विशेष चापाकल मरम्मती अभियान के तहत आंशिक रूप से खराब चापाकलों को दुरुस्त किया गया।हालांकि विभाग द्वारा दी जा रही चापकलों की संख्या शायद ही धरातल पर दिखाई दे रहा होगा।प्रखंड के कितने गांव–टोला में ये नहीं पता चलता है कि ये निजी चापाकल है या सरकारी चापाकल ( हैडपम्प)। क्योंकि वहां पर न कोई बोर्ड और न हीं विभाग का कोई लोगो लगा रहता है। जेई ने कहा कि अगर इसी तरह समय समय पर पानी होता रहा तो भूजल स्तर में गिरावट होने की संभावना कम हो जाएगा।कनिय अभियंता ने कहा कि विभाग अभी भी पानी को लेकर प्रत्येक दिन सभी संवेदक से बात कर जानकारी ली जा रही है। अगर कहीं कोई दिक्कत होता है, तो विभाग के अभियंता व संवेदक उसका समाधान तेजी में कर रहे हैं।

# अंचल कार्यालय में नए अंचलाधिकारी ने दिया योगदान, कर्मियों के साथ किया बैठक

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत अंचल कार्यालय में नए अंचलाधिकारी रीता कुमारी ने बृहस्पतिवार को योगदान दिया। हरनौत अंचल के प्रभार में रहे राजस्व अधिकारी रितु रिमझिम ने अंचला. धिकारी रीता कुमारी को पदभार सौंपा। नये सीओ ने कहा कि राज्य सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अपने दायित्व का अनुपालन करेंगे। राजस्व संबंधित मामलों में लोगों को कम से कम परेशानी हो इसका प्रयास करेंगे। समय पर लोगों का काम हो इस तरह की कार्यशैली विकसित करना मेरी प्राथमिकता होगी। पूर्व प्रभारी अंचलाधिकारी रितु रिमझिम ने कहा कि लोगों के समस्याओं को मिशन मोड में पूरा करने का प्रयास किया। छोटा कार्यकाल रहा लेकिन अनुभव अच्छा रहा है। कई चीज सीखने को भी मिला है। उन्होंने कहा अंचल के सभी कर्मियों ने सराहनीय सहयोग किया। जिसकी वजह से अनुशासित कार्य शैली विकसित की गई। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग करनेवाले सभी कर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने वाले नए पदाधिकारी का में अपनी ओर से पूरा सहयोग करूंगी। वहीं शुक्रवार को अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी सहित अन्य के साथ बैठक की।नये सीओ ने कहा कि अंचल में कुल 18 हल्का हैं। जिसमें 16 अगस्त, 2025 से 20 सितंबर, 2025 तक शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें रैयतों ने जमाबंदी पंजी में नाम सुधार, खाता खेसरा नंबर सुधार और उत्तराधिकार नामांतरण जैसे कार्यों के लिए आवेदन मिला था। जिसमें सभी आवेदनों को विभागीय सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया गया है। जिसमें फिलहाल जांच एवं निष्पादन किया जा रहा है।जिसको लेकर विभिन्न दिशा निर्देश दिया गया।मौके पर सीआई रामानंद प्रसाद, अंचल नाजिर शाहिद, अंचल प्रधान सतीश कुमार तांती,वसीम , मनीष , अभिलेखा सहित अन्य मौजूद थे।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने नालंदा में योजनाओं की समीक्षा की पंचायत सरकार भवनों का कार्य शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने 10 जुलाई 2026 को नालंदा जिले का दौरा कर पंचायती राज विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। दौरे के क्रम में मंत्री ने बिहारशरीफ प्रखंड की तिउरी ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करते हुए भवन का निर्माण अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद ग्राम पंचायत योजना से निर्मित छठ घाट का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण के बाद समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में मंत्री की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिक.ारी, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, एलएईओ/बीसीडी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि नालंदा जिले की 227 ग्राम पंचायतों में से 134 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है और सभी भवनों में पंचायत स्तरीय सेवाएं संचालित हो रही हैं। यहां जाति, आय, निवास, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वर्तमान में 87 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण ग्राम पंचायत, एलएईओ एवं भवन निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। वहीं सरथा, पोआरी, चिकसौरा, उतरनावां, जैतपुर एवं अमेरा सहित छह पंचायतों में भूमि




का चयन कर लिया गया है और विभाग से शीघ्र स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।इसके अलावा जिले के 51 पंचायत सरकार भवनों में डाकघर की सेवाएं संचालित हैं, 91 भवनों में जल्द ही आधार से जुड़ी सेवाएं शुरू की जाएंगी तथा 53 भवनों में पुस्तकालय स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत जिले की 227 पंचायतों में से 49 पंचायतों में भूमि का चयन किया गया है। प्रथम चरण में 24 पंचायतों में निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। इनका प्राक्कलन तैयार कर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा, जबकि शेष पंचायतों में भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है। योजना के तहत जिले के 3,060 वार्डों में प्रति वार्ड 10 तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में अतिरिक्त 10 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कुल 32,900 सोलर स्ट्रीट लाइटों में से अब तक 32,712 का अधिष्ठापन पूरा हो चुका है। शेष 188 लाइटों का कार्य तकनीकी कारणों से लंबित है, जिसे इसी माह पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले की 227 पंचायतों में से 115 पंचायतों में मोक्षधाम निर्माण के लिए भूमि का चयन किया जा चुका है। पंचायत समिति से प्राक्कलन तैयार होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। समीक्षा में बताया गया कि पंचायती राज विभाग से संबंधित 753 शिकायतें सहयोग पोर्टल पर प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 719 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है। मंत्री ने शेष शिकायतों का भी निर्धारित समय–सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जिसके बाद समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

# बढ़ी हुई पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से हुआ अंतरण, नालंदा के 3.47 लाख से अधिक पेंशनधारियों को मिला लाभ

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत बढ़ी हुई पेंशन राशि के डीबीटी अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शुक्रवार को न्यू एनआईसी सभ.ागार, बिहारशरीफ में किया गया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यभर के पेंशनधारियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीति ष्न्याय के साथ विकासष पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाना और कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं अन्य जरूरतमंद नागरिकों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत संचालित सभी छह पेंशन योजनाओं में लाभार्थियों को मिलने वाली मासिक पेंशन राशि को जून 2025 से 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। बढ़ी हुई पेंशन के साथ जून 2026 की बकाया राशि भी डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई। नालंदा जिले में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनधारियों ने भाग लिया और मुख्यमंत्री के संबोधन तथा राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टीवी, लैपटॉप एवं मोबाइल के माध्यम से देखा। नालंदा जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत राशि अंतरण




– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 73,568 लाभार्थियों के बीच 16,18,49,600 रुपये अंतरित किए गए।

– मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,97,963 लाभार्थियों के बीच 22,70,62,000 रुपये अंतरित किए गए।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 11,457 लाभार्थियों के बीच 2,52,05,400 रुपये अंतरित किए गए।

– लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 33,509 लाभार्थियों के बीच 3,73,04,500 रुपये अंतरित किए गए।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निरूशक्त पेंशन योजना के 4,012 लाभार्थियों के बीच 88,26,400 रुपये अंतरित किए गए।

– बिहार निरूशक्ता पेंशन योजना के 26,540 लाभार्थियों के बीच 2,97,28,300 रुपये अंतरित किए गए।इस प्रकार नालंदा जिले के कुल 3,47,049 पेंशनधारियों के बैंक खातों में 48,99,76,200 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पेंशनधारी उप.स्थित रहे।

# हरनौत नगर पंचायत के विकास कार्यों को मिलेगी नई गति, जल निकासी की समस्या के समाधान को लेकर मंत्री से मिले मुख्य पार्षद प्रतिनिधि




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत के समग्र विकास एवं वर्षो से चली आ रही जल निकासी की गंभीर समस्या के स्थायी समाधान को लेकर मुख पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने शुक्रवार को पटना स्थित विकास भवन पहुंचकर बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने हरनौत नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों के साथ–साथ बरसात के मौसम में जलजमाव और जल निकासी से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र के कई वार्डों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक योजनाओं को जल्द स्वीकृति देने का आग्रह भी किया गया। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने बताया कि मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श करने के बाद हर संभव सहयोग एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि हरनौत नगर पंचायत के विकास कार्यों और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभाग सकारात्मक पहल करेगा। मुलाकात के बाद धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने विश्वास जताया कि सरकार के सहयोग से हरनौत नगर पंचायत में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जल निकासी की समस्या का जल्द समाधान होने से नगरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# चोरी की वाईक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार , गुरुवार की रात्रि में हुई थी घटना

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट, इसलामपुर (नालंदा)।** खोदागंज थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत ने गुप्त सूचना के आधार पर खोदागंज बाजार मे छापेमारी कर चोरी के बाइक के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत ने बतलाया कि गुरूवार की रात्रि को गया जिला के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव से वाहन चोरों द्वारा एक अपाची बाइक को चोरी कर लिया था। जिसकी सूचना खो दागंज थाना को शुक्रवार को मिली . पुलिस ने गुप्त सूचना मिलते ही चोरी हुई बाइक को लेकर वाहन चोर नीमचक बथानी से खो दागंज बाजार आ रहा है। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने एक टीम गठित कर बाजार मे घेराबंदी कर वाहन चोर को आने का इंतजार करने लगी। वाहन चोर को आने के बाद पुलिस जब उसे पकड़ने का प्रयास किया। तो पुलिस को देखते ही वाहन चोर बाइक लेकर भागने लगा लेकिन पुलिस के तत्परता के कारण वाहन चोर को कुछ दूरी पर खदेड़ कर चोरी हुई बाइक के साथ पकड़ लिया। बाइक के साथ गिरफ्तार वाहन चोर गया जिला के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के धरम विगहा गांव निवासी उदय प्रसाद का पुत्र नीतिश कुमार बतलाया जाता है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत ने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोर से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# माले ने नाबालिग महादलित परिवार की बच्ची से बलात्कारियों को तीन महीने में सजा देने की मांग किया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** भाकपा–माले और ऐपवा का संयुक्त टीम दीपनगर थाना क्षेत्र के बलात्कार पीड़ित बच्ची , परिजन और ग्रामीणों से मुलाकात कर धटना की जानकारी लिया। मांझी टोला की तीन छोटी छोटी बच्चियाँ शौच के लिए गई।अपराधी प्रवृत्ति के तीन गुंड़ो ने एक बच्ची को पकड़ कर बगल में बांसवाड़ी में खिंच कर ले जाकर बलात्कार किया। हल्ला न करे इसके लिए गुंडों ने मुंह में कपड़ा ठूस दिया।अन्य दोनों बच्चियाँ दहशत में थी। डरी, सहमी घर आकर परिजनों को जानकारी दी। घटना स्थल की ओर दौड़े– दौड़े गये। आते देखकर तीनों फरार हो गया। बच्ची बहुत ही भयभीत है। इस धिनौनी धटना की जितनी भी निंदा की जाय कम है। जांच टीम ने परिजनों को आश्वासन दिया कि भाकपा–माले और महिला संगठन ऐपवा पीड़िता को न्याय के लिए हरेक तरह की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। जांच टीम में भाकपा–माले बिहारशरीफ ग्रामीण के प्रखंड सचिव कामरेड सुनिल कुमार, ऐपवा जिला सचिव कामरेड रेनु देवी, जिलाध्यक्ष कामरेड गिरिजा देवी, भाकपा–माले प्रखंड कमिटी सदस्य कामरेड बृजकिशोर प्रसाद शामिल थे। जांच टीम में शामिल नेताओं ने कहा कि सम्राट् चौधरी की सरकार में महिलाओं, लड़कियों की अस्मत रोज तार – तार हो रहा है। गुंडे, मवालियों को पुलिस प्रशासन का भय नहीं रह गया है। सम्राट सरकार के मंत्री, विधायक और नेतागण अपराधियों,हत्यारों,गुंडो के लिए पैरवीकार बन गए हैं।इसीलिए अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है।जिला में मणिपुर की तरह ही एक महिला को भीड़ ने बेईज्ज़त करते हुए रोड़ मार्च कराया, बेखौफ हो अस्मत के साथ खिलवाड़ किया। जिला के एसपी ने तीन महीने में स्पीडी ट्रायल चला सख्त सजा दिलाने का एलान किया पर तीन महीने से अधिक समय गुजरने के बाद भी किसी को सजा नहीं हुई है। बलात्कारी, अपराधी पुलिस की मिलीभगत से ही कोर्ट से छूट कर खुलेआम घुम रहा है। नालंदा जिला अभी अपराधियों का शरणस्थली बन गया है। नेताओं ने सरकार और जिला प्रशासन से मांगा किया कि नाबालिग लड़की के बलात्कारियों को स्पीडी ट्रायल चला शीघ्र सजा हो। पीड़िता और उसके परिजनों,सभी ग्रामीण दलित परिवारों की सुरक्षा की गारंटी किया जाय। पीड़िता समेत तीनों बच्चियाँ की बेहतर पढ़ाई की गारंटी किया जाय। पीड़ित परिजन को रोजगार के लिए 5 लाख रुपये दिया जाए।

BP
Shri Sai
Mob:- 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)